सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-281**
10/06/2018

पूर्व केंद्रीय मंत्री एल0पी0 शाही का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

पटना 10 जून, 2018 :– पूर्व केंद्रीय मंत्री एल0पी0 शाही का आज दीघा घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दीघा घाट पर उनके पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन किया तथा पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की।

दीघा घाट पर स्व0 एल0पी0 शाही के पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि संपन्न हुई। उनके पौत्र श्री हर्ष शाही ने मुखाग्नि दी। इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री अखिलेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री सदानंद सिंह, विधान पार्षद श्री प्रेमचंद मिश्रा, पूर्व मंत्री श्री नरेंद्र सिंह, बिहार कांग्रेस के प्रभारी श्री शक्ति सिंह गोहिल, बिहार कांग्रेस के प्रभारी अध्यक्ष श्री कौकब कादरी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा सहित अनेक राजनेता, अधिकारीगण, गणमान्य व्यक्ति, उनके निकट संबधी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

इसके पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व0 एल0पी0 शाही के बोरिंग रोड स्थित उनके आवास पर जाकर पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने उनकी बहू श्रीमती वीणा शाही, पुत्री श्रीमती उज्जवला शाही, पौत्र श्री हर्ष शाही एवं अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में सांत्वना दी।

अंतिम संस्कार के पूर्व स्व0 एल0पी0 शाही का पार्थिव शरीर विधानसभा लाया गया, जहां मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, पथ निर्माण मंत्री श्री नंद किशोर यादव, शिक्षा मंत्री श्री कृष्ण नंदन प्रसाद वर्मा, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री अरुण कुमार, सांसद श्री अखिलेश सिंह, विधायक श्री श्याम रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी।

******